



नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 31 मार्च, 2026



# 31वें वर्ष में प्रवेश पर नागदा व्यापारी संघ का भव्य समारोह

**▶ 30 वर्षों की सेवा परंपरा को मिला नया आयाम**




**नागदा।** नव विक्रम संवत के शुभारंभ पर नागदा व्यापारी संघ द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संघ ने अपने 30 वर्षों की सतत सेवा यात्रा पूर्ण कर 31वें वर्ष में प्रवेश के इस विशेष अवसर को उत्सव के रूप में मनाया। जिसमें नगर के व्यापारी वर्ग एवं उनके परिवारों की उल्लेखनीय सपरिवार सहभागिता रही।

कार्यक्रम का आयोजन सिद्ध मनकामेश्वर हनुमान मंदिर, चंबल डेम नागदा पर किया गया। जहां सायं 5.30 बजे से समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में व्यापारी महिला मंडल द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

इसके पश्चात अतिथियों के करकमलों से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश खंडेलवाल एवं संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में विक्रम अहिरवार नगर पुलिस अधीक्षक, मधु नायक तहसीलदार एवं वासुदेव सिंह उपाध्यक्ष सियागंज इंदौर व्यापारी संघ, अजय रोहरा शामिल रहे। मंचासीन अतिथियों में संयोजक दिलीप कांठेड़, मुख्य संरक्षक दिनेश अग्रवाल, अध्यक्ष पंकज नामदेव, महिला मंडल अध्यक्ष लता अग्रवाल, संयोजक सीमा मालपानी, हनुमान प्रसाद शर्मा, दिलीप सिंह गुर्जर, दिलीप सिंह शेखावत, बबीता रघुवंशी, बसंत मालपानी एवं राघवेंद्र वल्लभ व्यास रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नागदा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संघ द्वारा विगत 30 वर्षों से नगर में किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक कार्यों की सराहना की। लक्ष्मण जैन, अनिल पोरवाल, भगवान लाल पोरवाल सहित पदाधिकारी एवं संगठन के सदस्य व्यापारी वर्ग बड़ी संख्या मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# महावीर के जयकारों से गूंजा नगर

**बड़नगर।** प्रभु महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन हर्ष उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गांधी चौक बड़ा मंदिर पर पहुंचा।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि निर्णय सागर महाराज ने कहा कि महावीर सिर्फ जैन समाज के ही नहीं बल्कि जन जन के थे। प्राणी मात्र के कल्याण की भावना रखते थे, प्रत्येक जीव का कल्याण हो, प्रभु महावीर ने बताया है। बड़नगर का नाम बड़ा हो यहां के हर काम बड़े होते हैं। आपने प्रभु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महावीर शब्दों की विस्तृत व्याख्या करते हुए अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से जन-जन के मन में आस्था का सैलाब बहाया। आपने पाठशाला शब्द की व्याख्या की। इसके पूर्व



महावीर जन्म कल्याण समारोह समिति के अध्यक्ष अर्पित जैन अलंकार ने अतिथियों की उपस्थिति में झंडा वंदन किया।

विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या ने संबोधित करते हुए कहा कि ढाई हजार वर्ष पूर्व बताए गए प्रभु महावीर के सिद्धांत आज वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। प्रभु माहिर ने सत्य अहिंसा का जो मार्ग बताया है संपूर्ण राष्ट्र आज उनके सिद्धांतों पर चलते हुए विश्व शक्ति के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चल समारोह में महिला मंडल अपने-अपने ड्रेस कोड में शोभित महावीर शासन के पचरंगी झंडे लहराकर भक्ति नृत्य में सरोबार थी। वहीं प्रभु महावीर के भजनों पर सभी जन थिरक रहे थे या यूं कहा जाए तो संपूर्ण नगर एक तरह से प्रभु महावीर के भक्ति भाव में डूबा हुआ नजर आया आध्यात्मिक का ऐसा रंग जो कभी हम भूल नहीं पाएंगे। मुरली मोरवाल, प्रवीण बिलाला, नवीन राठौड़, समाजजन, पार्षद, पत्रकार सहित गणमान्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### केन्द्रीय जेल उज्जैन में दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय जेल उज्जैन में गत दिनों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद मेगा विधिक सेवा एवं विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विशेष चिकित्सा शिविर में जिला चिकित्सालय उज्जैन से स्पेशलिस्ट की टीम में चिकित्सा विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शल्य क्रिया विशेषज्ञ एवं दंत शल्य चिकित्सक द्वारा जेल पर उपस्थित होकर विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 91 बंदियों की जांच कर उपचार परामर्शित किया गया, विधिक सेवा अंतर्गत 40 बंदियों को विधिक सहायता एवं कानूनी जानकारी प्रदान की गई।

### केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ में मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**उज्जैन।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में गत दिवस केन्द्रीय जेल भैरूगढ़ में मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा जेल में निरूद्ध लगभग 250 बंदियों का संपूर्ण जांच परीक्षण किया गया। मेगा जागरूकता शिविर में महिला बंदी एवं पुरूष बंदियों व्यवस्था की गई। मेगा जागरूकता शिविर में कौशल विकास के समन्वय से विगत पिछले तीन से चार माह से सिलाई, कढाई एवं अन्य रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जेल में निरुद्ध बंदियों की परीक्षा भी आयोजित कराई गई। इसके साथ ही जेल में निरूद्ध बंदियों ने उनके परिवार से जेल में स्पर्श मुलाकात भी करवाई गई। मेगा विधिक जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार भाटी, जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू, उप जेल अधीक्षक जसवंत डाबर, प्रवीण मालवीय, एवं अन्य जेल के स्टाफ गण के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह राजपूत, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एचपी सोनानिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता जोशी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निलेश चन्देल, शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. अनिल कण्डारदिया, दन्त शल्य चिकित्सक डॉ. शिव मेन्या, सहयोगी चिकित्सक डॉ. अंजली पुरोहित उपस्थित रहें। इसी श्रृंखला में अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन की ओर से बालकों के लिए मेगा विधिक जागरूकता शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया एवं बालकों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

### संगठन कोई भी हो, सभी का मूल उद्देश्य कर्मचारी हित : एमआर मंसूरी



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एसबी सिंह ने राहुल चंदेरी को आगामी आदेश तक उज्जैन जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम.आर. मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, संभागीय उपाध्यक्ष एलएन गहलोत और जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में चंदेरी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, वरिष्ठ कर्मचारी नेता कैलाश चंद्र रावत, स्थापना प्रभारी पंडित संजय दिवटे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हमीद खान, सलीम पारिख और सरफराज कुरैशी के मुख्य आतिथ्य में डीएस परमार, अंशुल चौधरी, राम सूर्यवंशी, गोपाल जायसवाल आदि की गरिमामय उपस्थिति में राहुल चंदेरी को माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी ने कहा कि संगठन कोई भी हो, सभी का मूल उद्देश्य कर्मचारी हित ही है। यदि इसी भावना के साथ सामूहिक प्रयास किए जाएं, तो सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से प्राप्त होते हैं। आभार प्रदर्शन अंशुल चौधरी ने किया।

### हलवाई संघ का बड़ा निर्णय : शादियों में रात 11 बजे के बाद नहीं होगा कार्य, बचा भोजन जाएगा गौशाला

**उज्जैन।** मां अन्नपूर्णा धाम मोहनपुरा बड़नगर रोड पर शनिवार को मां अन्नपूर्णा हलवाई एवं सर्विस कैटर्स संघ उज्जैन का होली मिलन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हलवाई व्यवसाय से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई और वैवाहिक व अन्य कार्यक्रमों में रात 11 बजे के बाद कार्य न करने और गरम भोजन न परोसने पर आम सहमति बनी। समारोह प्रदेश महामंत्री कृष्णा वल्लभ भागवत के मार्गदर्शन एवं प्रदेश सचिव अशोक सिंह गहलोत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, होटल एवं रिसोर्ट एसोसिएशन के रवि सोलंकी, कृष्णा भागवत, अशोक सिंह गहलोत एवं सतीश लश्करी ने दीप प्रज्जवलन व मां अन्नपूर्णा की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ द्वारा अतिथियों का केसरिया दुपट्टा एवं मां अन्नपूर्णा का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात् अतिथियों द्वारा प्रदेशभर से आए हलवाई संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का केसरिया दुपट्टा व सम्मान पत्र देकर बहुमान किया गया। अपने उद्बोधन में प्रदेश महामंत्री कृष्ण वल्लभ भागवत ने बताया कि मध्यप्रदेश हलवाई संघ ने निर्णय लिया है कि अब वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रमों में रात 11 बजे के बाद कार्य नहीं किया जाएगा और न ही गरम भोजन परोसा जाएगा। इस निर्णय पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। प्रदेश सचिव अशोक सिंह गहलोत ने बताया कि वर्तमान में लेबर की कमी, अत्यधिक कार्य समय और अन्य समस्याओं के चलते यह निर्णय आवश्यक हो गया था। इस नेक कार्य के लिए विधायक अनिल जैन कालूहैड़ा ने संघ को एक वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। समारोह में भंवरसिंह जादौन, जगदीश चौरषिया, भेरू दादा, रामजी भागवत, पन्नालाल शर्मा, देवीलाल शर्मा, मुकेश खण्डेलवाल, उदय सिंह कुशवाह, ओम शर्मा, पवन जैन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण भागवत, प्रकाश काबरा, मनोज चौरषिया, राहुल परमार, उदित सेठी और प्रवक्ता अंतरसिंह गेहलोत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यवसायी उपस्थित थे।

# किसानों को बिजली कंपनी थमा रही मनमाने बिल, कांग्रेस ने प्रदर्शन कर किया विरोध

**महिदपुर।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस महिदपुर, झारड़ा, गोगापुर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के आव्हान पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी व भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन स्थानीय आम्बेडकर चौक पर आयोजित किया गया।




धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश जैन बोस ने शासन प्रशासन को कड़े शब्दों में आगाह करते हुए कहा कि किसानों के साथ अन्याय कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों को लेकर किसानों व आम उपभोक्ताओं के साथ जो ज्यादती की जा रही उसे तुरंत रोका जाए, किसान उपज की खरीदी प्रारंभ होने पर बिजली बिल जमा कर पाएंगे। जबकि सरकार द्वारा उपज खरीदी की तारीख बार बार बढ़ाई जा रही है।

बोस ने आगे कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित हैं उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है।

धरना आंदोलन को ब्लाक कांग्रेस महिदपुर अध्यक्ष कैलाश बगाना, झारड़ा ब्लाक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, गोगापुर ब्लाक अध्यक्ष भारत शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल आंचलिया, हीरालाल आंजना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नागूलाल मालवीय, भारत जाट, हाकमसिंह लोहार, लक्ष्मीनारायण सिसोदिया, कुलदीप सिंह, विशालसिंह, निर्मलसिंह, ऋतुराजसिंह, मुमताज शेख, हेमंत जोशी, राजू भाई, सुरेशसिंह, महेन्द्रसिंह मुंडली, हरिराम आंजना, ईश्वर सिंह लौटिया, दिलीप सिंह, गोकुल चौहान, अर्जुन चौहान, पीरूसिंह तंवर, कन्हैयालाल, पार्षदगण जाकिर मंसूरी, इकबाल नागौरी, बाबा नागोरी, रईस कुरेशी, राहुल सोलंकी, सचिन सोनी, अजय धाकड़, निक्की शर्मा, भारत सोलंकी, मनोज जोशी, शिव बोरलिया, अशोक बुरड़, विजय रावल, कैलाश वर्मा, शकील पाकीजा, महेन्द्रसिंह चौहान, राहुल मालवीय, शिवराजसिंह बना, मोहन परमार नेता, फारूक कबाड़ी, लाला सुमन सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन के पश्चात राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे को दिया गया। ज्ञापन का वाचन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़ ने किया। संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने किया। आभार युवा नेता जुगल पांचाल ने माना।

# मुख्यमंत्री की मंशानुरूप, युवा 2 माह की ट्रेनिंग के बाद पाएं नौकरी

**▶ कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की**



**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरुप जिले में युवाओं को ट्रेनिंग देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे है।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में UtkarshUjjain.com पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद उद्योगों में रोजगार सुनिश्चित करने के लिए एमपीआईडीसी, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डीआईसी आदि को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि UtkarshUjjain.com पर 12 वीं पास किए हुए आवेदक 02 माह के प्रशिक्षण और मूल्यांकन उपरांत सोलर इंडस्ट्री में और 10 वीं पास आवेदक 02 माह के प्रशिक्षण और मूल्यांकन उपरांत गारमेंट इंडस्ट्री में रोजगार प्राप्त कर सकते है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग समन्वय कर युवाओं को इंडस्ट्रीयल एक्सपोजर देकर ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रदान करने पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर सिंह ने आईटीआई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अंतर्गत आईटीआई उज्जैन में नए युग के कोर्स आर्टिफिशल इंटेलिजनेस(ढ्ढ), रोबोटिक्स, ड्रोन ,3ष्ठ प्रिंटिंग और वेब 3.0 जैसी आधुनिक तकनीकों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर युवाओं की वैश्विक मार्केट के अनुसार स्किल सेट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि संभागीय आईटीआई उज्जैन द्वारा हब एंड स्पोक मॉडल के तहत शासकीय पॉलीटेक्निक के छात्रों को 02 एवं 04 सप्ताह की अवधि के हेंड्स ऑन ट्रेनिंग एवं सीएनसी मशीन पर प्रोग्रामिंग सीखा कर स्किल प्रेक्टिस के कोर्स संचालित किए जा रहे है।

क्वेस्ट अलाईस एनजीओ संस्था के साथ समन्वय कर छात्रों को साफ्ट स्किल का प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विगत दिवस आईटीआई के छात्र का बैगलुरु में कैंपस प्लेसमेंट भी हुआ है। इंडस्ट्री ऐकेडमी लिंकेज के लिए संभागीय आईटीआई उज्जैन और लघुउद्योग भारती के मध्य विगत 09 मार्च को समझौता ज्ञापन हुआ है। इससे आईटीआई छात्रों को इंडस्ट्रीयल एक्सपोजर के लिए अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप और इंडस्ट्री में प्लेसमेंट में सहायता होगी, साथ ही आईटीआई के आधुनिकरण में सहायता प्राप्त होगी। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 10 रोजगार, स्वरोजगार युवा संगम मेलों में 1779 आवेदकों का रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन, 214 छात्रों को अप्रेंटिसशिप का अवसर प्राप्त हुआ है और 2313 आवेदकों को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। बैठक में संभागीय आईटीआई प्राचार्य विवेक मिश्रा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, उपसंचालक कृषि, उपसंचालक उद्यानिकी, जिला रोजगार अधिकारी, एलडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, जिला श्रम अधिकारी, जिला अधिकारी सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, जिला संयोजक आदिम जाति, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, ईई एमपीआईडीसी आदि उपस्थित रहें।

## बाल चल समारोह और पपेट शो के माध्यम से बच्चों ने किया भगवान का गुणगान

**▶ पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक का तीसरा दिन**

**नागदा।** जैन सोश्यल ग्रुप नागदा की परिकल्पना में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को पांच दिवसीय मनाते हुए श्रीसंघ के सान्निध्य में कल नन्हें मुन्ने बच्चों का बाल चल समारोह निकाला गया। समाज के लगभग 150 से अधिक बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से भगवान के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस का लाभ राजेश कल्पना धाकड़ ने लिया। फैंसी ड्रेस के निर्णायक डॉ विपिन वागरेचा थे। बैण्ड बाजे और जयकारों के बीच महावीर भवन से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बाल चल समारोह पौषधशाला पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पौषधशाला में बेबी शाला स्कूल टीम ने पपेट शो का आयोजन किया। पपेट शो के आयोजन का लाभ गांग परिवार ने लिया। स्वागत उद्बोधन जैन सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया। मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष मनीष व्होरा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक बच्चे को उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर सुनील जैन, शरद जैन, श्रेणिक बम, सुरेन्द्र कांकरिया, रमेश तांतेड, अमित बम, रवि संघवी, राजा कर्नावट, मनोज वागरेचा, अंकुर जैन, आशीष पोखरना, कुशल भंसाली, सुरेश नाहटा, पंकज पावेचा, राकेश ओरा, निलेश सोलंकी, सचिन सकलेचा, शुभम सखलेचा, दीपक गांग आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ **भाजपा नगर ने आयोजित किया प्रशिक्षण महाभियान के तहत कार्यक्रम**

# भाजपा सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा-मिशन है : टेटवाल

**उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत विक्रमादित्य, जीवाजीगंज, श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा और मिशन है। जिसका उद्देश्य देश के विकास और समाज के हर वर्ग के उत्थान में योगदान देना है।**




भाजपा अपनी विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। कांग्रेस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है, वह केवल एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करें और पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम करें। कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जैसे हमारे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें कि उन्होंने किस प्रकार संगठन को मजबूत किया। भाजपा समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और इसी कारण आज वह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

**नया सीखने के लिए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता :** निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पहले से ही सफल हैं, बल्कि हमें हमेशा सीखने की प्रक्रिया में रहना चाहिए। हमें सफलता के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए नया सीखते रहना चाहिए, इसलिए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है। हमारे पार्टी की विचारधारा और कार्यपद्धति ही हमें अन्य दलों से अलग करती है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता पार्टी के मूल्यों, आंतरिक लोकतंत्र और समन्वय को समझने में सक्षम होते हैं, जो एक मजबूत और एकजुट पार्टी के निर्माण में मदद करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता का कारण सिर्फ चुनावी जीत नहीं है, बल्कि उसकी स्थिर और स्पष्ट विचारधारा है, जो पार्टी को न केवल सशक्त बल्कि अडिग बनाती है। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए समय का पालन और दायित्व में निर्वहन बहुत महत्वपूर्ण है।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों में पार्टी के वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान विषय पर, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, केन्द्र सरकार की योजनाएं, कार्य पद्धति, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, बूथ प्रबंधन व मन की बात, सोशल मीडिया ए आई नमो ऐप व संगठन ऐप विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण वर्ग में वक्ता के रूप में वीरेंद्र कावड़िया, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, सुरेश गिरी, सुहास वैद्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**▶ भाजपा जनता की सेवा में जुटी...**

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि भाजपा लगातार सत्ता में है तो इसका पूरा श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है। भाजपा के लिए राजनीति सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम है। पार्टी कार्यकर्ता जनता की सेवा कर रहे हैं, इसलिए हम लगातार सत्ता में आ रहे हैं। भाजपा ने कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया। कार्यकर्ता ही पार्टी का चेहरा होते हैं और उनका आचरण पार्टी की छवि को जनता में प्रस्तुत करता है। हमें ऐसा आचरण अपनाना चाहिए जिससे पार्टी की छवि और निखरे।